नगर निगम, शाहजहाँपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 01.11.2020

❖ नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 01.11.2020 को नगर में हो रहे विकास कार्यो का निरीक्षण किया गया।

- हनुमतधाम में पार्किग तथा सौदर्न्यीकरण का कार्य
- महाराणा प्रताप पार्क का निर्माण कार्य
- जैव विविधता पार्क में अटल वाटिका का निर्माण तथा नवनिर्मित सड़क को आक्सीजन के रूप में विकसित करना।
- ककरा में एम0आर0एफ0 सेन्टर का कार्य।

- नगर निगम द्वारा शाहजहाँपुर शहर के महत्वपूर्ण पर्यटन एवं धार्मिक स्थल हनुमतधाम के सौन्दर्यीकरण की योजना बनाई गई है। इसके अन्तर्गत नदी एवं सड़क के मध्य के भू–खण्ड में लैन्ड स्केपिंग कराकर ग्रीन बेल्ट विकसित किया जायेगा तथा 50 से अधिक वाहनो को खड़ा करने के लिये पार्किग स्थल का निर्माण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त यहाँ आने वाले पर्यटको एवं दर्शनार्थियो के लिये स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने तथा शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। नगर आयुक्त महोदय द्वारा मुख्य अभियन्ता (सिविल) को निर्देशित किया गया कि प्रस्तावित कार्य प्राथमिकता के आधार पर शुरू कराकर पूर्ण करावें।
- नगर निगम,शाहजहाँपुर द्वारा शहीदो की धरती शाहजहाँपुर में महान शासक महाराण प्रताप को समर्पित पार्क का निर्माण सीतापुर –शाहजहाँपुर– बरेली बाईपास मार्ग पर मेज़वान होटल के पास कराया जा रहा है। इस स्थल पर महाराणा प्रताप की आदमकद प्रतिमा की स्थापना तथा एक खूबसूरत हरा–भरा पार्क विकसित किया जा रहा है। वर्तमान समय में इसका कार्य तेजी से साथ हो रहा है तथा पार्क के लिये अपेक्षित निर्माण कार्य अन्तिम चरण में, वर्तमान में पाथवे का निर्माण चल रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा मुख्य अभियन्ता (सिविल) को निर्देशित किया गया कि प्रस्तावित कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराते हुये 02 सप्ताह के अन्दर पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। निरीक्षण के समय उपस्थित स्थानीय व्यक्तियो द्वारा पार्क के पास सार्वजनिक शौचालय तथा पेयजल की व्यवस्था भी कराने का सुझाव दिया गया।
- नगर निगम द्वारा ककरा काकर कुण्ड में विकसित किये गये जैव विविधता पार्क तेजी से पर्यटक स्थल के रूप विकसित हो रहा है। प्रतिदिन काफी संख्या में आस–पास नागरिक पार्क में धूमने आ रहे है। इस पार्क में मियावाकी तकनीक से सधन वृक्षारोपण, फलदार वृक्ष, हरिशंकरी तथा विविध प्रजातियो के वृक्षो का रोपण किया गया है।
- निगम द्वारा इस पार्क में लगभग 02 एकड़ भूमि में अटल वाटिका का निर्माण किया जायेगा। इस सम्बन्ध में नगर आयुक्त महोदय द्वारा अटल वाटिका हेतु चिन्हित स्थल का आज दिनांक 01.11.2020 को भ्रमण किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा चिन्हित स्थल की बाउन्ड्री कराते हुये श्री अटल बिहारी बाजपेई के व्यक्तित्व के अनुरूप वाटिका का ले–आउट तैयार करने हेतु मुख्य अभियन्ता (सिविल) को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय द्वारा मुख्य शहर से जैव विविधता पार्क को जोड़ने वाले नवनिर्मित सड़क के

कार्यो का निरीक्षण किया गया जिसका कार्य अन्तिम चरण मे है। नगर आयुक्त महोदय मुख्य अभियन्ता (सिविल) को निर्देशित किया गया कि सड़क का निर्माण गुणवत्तापूर्ण शीघ्र पूरा करा लिया जाये। नगर आयुक्त महोदय द्वारा इस सड़क को आक्सीजन रोड के रूप में विकसित किये जाने का निर्णय लिया गया है। इसके अन्तर्गत सड़क के दोनो तरफ प्रचुर मात्रा में आक्सीजन उत्सर्जित करने वाले छायादार वृक्षो को लगाया जायेगा। इसके लिये ट्री–गार्ड तैयार कराने तथा वृक्षो की उपलब्धता हेतु तत्काल कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

- नगर निगम द्वारा कूड़े के समुचित एवं उपयोगिता पूर्ण निस्तारण हेतु ककरा में डम्पिंग ग्राउन्ड के पास एम0आर0एफ0 सेन्टर का निर्माण कराया जा रहा है। इस सेन्टर के निर्माण से सूखे कूड़े में शामिल विभिन्न सामग्रियो को छॉटकर अलग–अलग किया जायेगा तथा प्रत्येक को पुर्नःउपयोग हेतु प्रोसेस किया जायेगा। नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज इस निर्माणाधीन सेन्टर का निरीक्षण किया गया। कार्य की धीमी गति पर नराजगी व्यक्त की गई तथा मुख्य अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि इस सेन्टर के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूर्ण कराये।

निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय के साथ अपर नगर आयुक्त,सहायक नगर आयुक्त,मुख्य अभियन्ता (सिविल) उपस्थित थे।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर